

इंडियनऑयल
IndianOil

गेट–2021 के माध्यम से इंडियनऑयल में अधिकारियों/अभियंताओं की भर्ती

भारत की अग्रणी तेल और गैस कम्पनी के रूप में इंडियनऑयल पिछले 6 दशकों से अधिक समय से राष्ट्र की ऊर्जा संबंधी ज़रूरतें पूरी करती रही है। वर्ष 2019–20 में 5,66,950 करोड़ रुपये के कारोबार सहित इंडियनऑयल को भारत की सर्वाधिक मूल्यवान कम्पनियों में से एक माना जाता है। कॉर्पोरेशन के पास एशिया की सबसे बड़ी रिफाइनरीज़, पाइपलाइनें और विपणन व्यवस्था का स्वामित्व और प्रचालन का कार्य है और इसके दो सर्वाधिक विश्वसनीय सुपरब्रॉण्ड, जैसे **इंडेन** और **सर्वो** हैं। 'महारत्न' के दर्जे के साथ सशक्त इंडियनऑयल की दूरदृष्टि "भारत की ऊर्जा" तथा "वैश्विक रूप में प्रशंसित कम्पनी" बनना है।

हमारे सपनों को साकार करने के लिए हमें गेट–2021 के माध्यम से अधिकारियों/अभियंताओं के रूप में निम्नलिखित विषयों से ऊर्जावान और समर्पित अभियंताओं की आवश्यकता है।

1. केमिकल (सीएच) 2. सिविल (सीई) 3. इलेक्ट्रिकल (ईई) 4. इंस्ट्रुमेंटेशन (आईएन) 5. मेकेनिकल (एमई)

समूह चर्चा, समूह कार्य और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए संक्षिप्त सूची बनाने का आधार गेट–2021 में संबंधित इंजीनियरिंग विषय होंगे। गेट–2020 से या इसके पूर्व के प्राप्तांक इस भर्ती के लिए वैध नहीं होंगे।

गेट–2021 पर विस्तृत जानकारी के लिए **http://www.gate.iitb.ac.in** देखें।

प्रत्याशियों को गेट–2021 और इंडियनऑयल के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा।

इंडियनऑयल का ऑनलाइन आवेदन मॉड्यूल गेट–2021 प्राधिकारियों द्वारा गेट–2021 के प्रवेश–पत्र उपलब्ध कराने के बाद लाइव हो जाएगा।

प्रत्याशी निर्दिष्ट शैक्षिक योग्यता, आयु, पात्रता मानदण्ड, आवेदन की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए इंडियनऑयल की वेबसाइट **www.iocl.com** देख सकते हैं।

www.iocl.com **हमें फॉलो करें:** /IndianOilCorpLimited /IndianOilcl /indianoilcorporationlimited /indianoilcorp